Office of Public Prosecutions Victoria

Victims & Witnesses

पीड़ित और गवाह समर्थन सेवा (Victims and Witness Assistance Service)

संपर्क

टे: (03) 9603 7425

टे: 1800 641 927 (निःशुल्क)(**TTY** - 133 677)

ई: vwas@opp.vic.gov.au

वे: opp.vic.gov.au/victims-witnesses

हम कौन हैं और हम क्या करते हैं

- पीड़ित और गवाह समर्थन सेवा (वीडब्ल्यूएएस) [Victims and Witness Assistance Service (VWAS)] जन अभियोजन कार्यालय (ओपीपी) [Office of Public Prosecutions (OPP)] का एक हिस्सा है। ओपीपी (OPP) विक्टोरिया में न्यायालय में गंभीर अपराध के मुकदमे संचालित करता है।
- हम आपराधिक न्याय प्रक्रिया को समझने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक विशेषज्ञ सेवा हैं।
- हम न्यायालय की प्रक्रिया के दौरान वयस्क पीड़ितों और गंभीर अपराधों के गवाहों को जानकारी और समर्थन प्रदान करने के लिए ओपीपी (OPP) वकीलों के साथ मिलकर काम करते हैं।

आपके साथ किस प्रकार से व्यवहार किया जाएगा?

आप एक पीड़ित या गवाह के रूप में हर समय अपने साथ ओपीपी (OPP) कर्मचारियों द्वारा शिष्टाचार, सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किए जाने की उम्मीद कर सकते/सकती हैं। हम भी यह आशा करते हैं कि आप ओपीपी (OPP) के प्रति शिष्टाचार, सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार करेंगे/करेंगी।

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का प्रकटीकरण नहीं करेंगे, जिसमें आपका पता और टेलीफोन नंबर भी शामिल है, जब तक गोपनीयता और आंकड़े संरक्षण अधिनियम 2014 (Privacy and Data Protection Act 2014) के अंतर्गत अपवाद लागू न हो।

वीडब्ल्यूएएए (VWAS) किस तरह की जानकारी और समर्थन प्रदान कर सकती है?

हम आपको इन बातों के बारे में जानकारी दे सकते हैं:

- न्यायालय की प्रक्रिया
- न्यायालय की प्रक्रिया के संबंध में आपके अधिकार और पात्रताएँ
- मामले की पदस्थिति और न्यायालय में सुनवाई की तिथियाँ
- साक्ष्य प्रस्तुत करना, और आपको न्यायालयी प्रक्रिया के दौरान क्या उम्मीद करनी चाहिए
- पीड़ित प्रभाव कथन (Victim Impact Statement) पूरा करना
- अपराध पीड़ित सहायता न्यायाधिकरण (Victims of Crime Assistance Tribunal), पीड़ित-व्यक्ति पंजी (Victims' Register) और वयस्क पैरोल बोर्ड (Adult Parole Board) के समक्ष प्रस्तुति जमा करना।

हम:

- आपको आवश्यकतानुसार समर्थन और सहायता प्रदान कर सकते हैं
- प्रमुख न्यायालय सुनवाइयों से पहले आपके साथ मिल सकते हैं और इस समय में आपको समर्थन दे सकते हैं, विशेषकर यदि आपको व्यग्रता महसूस हो रही हो
- आपको न्यायालय में मामले की सुनवाई का स्थल दिखा सकते हैं, और न्यायालय के कर्मचारियों की भूमिकाएँ समझा सकते हैं
- न्यायालय की प्रक्रिया के बारे में आपके किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं
- न्यायालय में उपस्थिति के समय या साक्ष्य प्रस्तुत करते समय अपनी सुरक्षा के बारे में आपकी किसी भी चिंता के बारे में चर्चा कर सकते हैं
- न्यायालय की सुनवाइयों के बाद आपको संक्षेप दे सकते हैं
- आपको दुभाषिया उपलब्ध कराने के लिए ओपीपी (OPP) वकील के साथ व्यवस्था कर सकते हैं
- आपको अन्य एजेंसियों और सेवाओं के प्रति निर्दिष्ट कर सकते हैं।

न्याय की सेवा।
समुदाय की सेवा।